# राष्ट्र प्रथम के भाव के साथ समाज के हर वर्ग के विकास में जुटें कार्यकर्ताःजामवाल

भोपाल (काप्र)।

**भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने रविवार को मंडला और सिवनी जिले के जिला कार्यालय में जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों की बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम का भाव लेकर समाज के हर वर्ग के कल्याण और विकास के लिए जुटें।**

पार्टी कार्यकर्ता समाज और पर्यावरण में सामंजस्य जैसे विषयों को लेकर भी जनता के साथ मिलकर कार्य करें। क्षेत्रीय संगठन महामंत्री ने जल, जंगल, जमीन के संवर्धन के लिए पेड़ लगाने एवं जल संचयन करने के लिए लोगों को प्रेरित करने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभाना है।

उन्होंने विभिन्न विषयों पर जनप्रतिनिधियों और पार्टी पदाधिकारियों के साथ संवाद और चर्चा भी की। मंडला में आयोजित



बैठक में पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद श्री फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रदेश शासन की मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, पार्टी के राष्ट्रीय सचिव व विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, मंडला जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, डिंडौरी जिला अध्यक्ष चमरू नेताम सहित मंडला और डिंडौरी जिले के जनप्रतिनिधि व पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे। श्री जामवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी कार्यों के साथ अपनी सामाजिक जिम्मेदारी भी निभानी है। देश के आजाद होने से पहले गुलामी के दौर में अंग्रेजों ने हमारी संस्कृति, सभ्यता और पहचान को नष्ट करने में कोई कसर नहीं छोड़ी थी। अब परिस्थितियां अनुकूल हैं, उन अवस्थाओं को और अधिक ठीक करना होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश बहुत तेज गति विकास कर रहा है और आगे बढ़ रहा है। जनता के कल्याण के लिए भाजपा की सरकारें लगातार कार्य कर रही हैं। हम सभी पार्टी कार्यकर्ताओं को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करते हुए प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचाना होगा और सभी योजनाओं को पात्र लोगों को उनका लाभ दिलाने के लिए कार्य करना है।

भाजपा पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के सिद्धांत को प्रतिपादित करते हुए अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति को हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ दिलाकर उन्हें समाज में आगे लाने का कार्य कर रही है। भाजपा के लिए प्रथम राष्ट्र, द्वितीय संगठन एवं अंत मे स्वयं हैं, इसी परिकल्पना को साकार करने के लिए केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार जनकल्याण के कार्यों को आगे बढ़ा रही है। हम सभी कार्यकर्ताओं को मिलकर सामाजिक परिवर्तन, पर्यावरण संरक्षण, जल बचाओ, शिक्षा, नशा मुक्ति एवं समरसता के क्षेत्र में अपनी जिम्मेदारी निभानी होगी। हम समृद्ध, खुशहाल व आत्मनिर्भर भारत की अभिकल्पना को साकार कर पाएंगे। सिवनी में आयोजित बैठक में सांसद श्रीमती भारती पारधी, जिला अध्यक्ष श्रीमती मीना बिसेन, उपस्थित रहे।

# मप्र में 44 डिग्री पार पहुंचा पारा, सीधी रहा सबसे गर्म

भोपाल (काप्र)।

मध्य प्रदेश में इन दिनों तेज गर्मी का असर देखने को मिल रहा है। आधे प्रदेश का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा दर्ज किया जा रहा है। रविवार को भी प्रदेश का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री सीधी में दर्ज किया गया। प्रदेश के करीब 23 शहरों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज किया गया। प्रदेश के पश्चिमी और उत्तरी हिस्से यानी इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और चंबल संभाग में अब तक तेज गर्मी का असर रहा है, लेकिन अब पूर्वी हिस्से यानी सागर, सिंगरौली, रीवा, सीधी जैसे शहरों में भी गर्मी के तेवर तीखे हो गए हैं।

मौसम विभाग के सीनियर वैज्ञानिक वेद प्रकाश ने बताया कि गर्म हवाओं की वजह से पारे में बढ़ोतरी हुई है। सुबह से ही सूरज की तेज धूप चुभने लगती है। दोपहर 12 बजे के बाद गर्मी बढ़ जाती है। इस कारण दिन के साथ रात का तापमान भी बढ़ा है तीन दिन ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान है। मौसम वैज्ञानिक अभिजीत चक्रवर्ती ने बताया कि तीन दिन के बाद पारे में हल्की गिरावट हो सकती है, लेकिन इससे पहले भीषण गर्मी रहेगी। सीधी सबसे ज्यादा गर्म रहा यहां का अधिकतम तापमान 44.2 डिग्री दर्ज किया गया। टीकमगढ़ में 43.4 डिग्री, खजुराहो में 43.2 डिग्री दर्ज किया गया। इसी तरह शिवपुरी में 43 डिग्री, नौगांव-रीवा में 42.5 डिग्री, मंडला में 42.3 डिग्री और सतना में पारा 42 डिग्री रहा। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 40.6 डिग्री, इंदौर में 39.4 डिग्री, ग्वालियर में 41.2 डिग्री, उज्जैन में 39.2 डिग्री और जबलपुर में पारा 40.4 डिग्री दर्ज किया गया।तीसरे सप्ताह में उत्तर-पश्चिमी हवाओं के जोर पकड़ने के साथ इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, चंबल, सागर, रीवा, नर्मदापुरम संभागों में न्यूनतम तापमान 25 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहेगा। पूरे प्रदेश में दिन में अधिकतम तापमान 42 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकता है। 2 से 3 दिन लू चल सकती है। हल्की बारिश होने की संभावना है।

जबकि चौथा सप्ताह मे उत्तर-पश्चिमी हवाओं के लगातार जोर पकड़ने के साथ न्यूनतम तापमान पूरे प्रदेश में सामान्य से 3-4 डिग्री अधिक यानि 27 से 30 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा। दिन के साथ रातें भी गर्म हो जाएंगी। ग्वालियर, चंबल, सागर और रीवा संभाग में पारा 43-45 डिग्री जबकि इंदौर, उज्जैन-भोपाल सहित बाकी प्रदेश में 41 से 44 डिग्री सेल्सियस तापमान रह सकता है। बंगाल क्षेत्र में साइक्लोनिक सर्कुलेशन सिस्टम की वजह से अप्रैल के आखिरी में 3 से 4 दिन तक लू का असर रह सकता है।



## ओपन टेनिस में जन्मेजय बने विजेता

भोपाल। भेल ऑफिसर्स क्लब में संपन्न ओपन टेनिस टूर्नामेंट में बालक अंडर-12 में जन्मेजय सक्सेना ने तनुश्वीर सिंह को 6-4 से हराकर विजेता बनने का गौरव अर्जित किया। वहीं बालिका अंडर-12 में मात्री पाटीदार ने मोनास्वी यादव को 6-5 (7-5) महिला एकल में काशवी ठकराल ने ख़ुशी सेन को 6-2 और पुरुष सिंगल में एच पटेल ने इच्छित गढ़पाले को 6-2, 6-3 से हराकर खिताबी जीत दर्ज की।

## मुख्यमंत्री ने नव दम्पति को दिया आशीर्वाद

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर में विधायक श्री मधु वर्मा और पूर्व पार्षद श्री बलराम वर्मा के परिवार में आयोजित विवाह समारोह शामिल हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने चि.मलय और सौ. कां.डॉ. तृषा को आशीर्वाद प्रदान किया और उनके सुखद, स्वस्थ एवं सफल दांपत्य जीवन की मंगलकामनाएँ दीं।

# बुजुर्ग दंपती से मारपीट करने वाले छतरपुर जिला अस्पताल के डॉक्टर को किया बर्खास्त, सिविल सर्जन निलंबित

भोपाल (काप्र)।

छतरपुर जिला अस्पताल में बुजुर्ग दंपती से मारपीट और अमानवीय व्यवहार मामले में संविदा डॉक्टर डॉ. राजेश मिश्रा को बर्खास्त कर दिया गया है, वहीं लापरवाही बरतने पर सिविल सर्जन डॉ. जी.एल. अहिरवार को निलंबित कर दिया गया है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के बाद प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई की है। डॉ. मिश्रा पर स्वृद्धक भी दर्ज की गई है।

छतरपुर जिला चिकित्सालय में पदस्थ संविदा पीजीएमओ डॉ. राजेश कुमार मिश्रा को बुजुर्ग दंपती के साथ मारपीट और अभद्रता के मामले में बर्खास्त कर दिया गया है। उनके खिलाफ एफआईआर भी दर्ज की गई है। इस मामले में लापरवाही बरतने पर सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक छतरपुर जिला अस्पताल डॉ. जी.एल. अहिरवार को भी निलंबित कर दिया गया है। बुजुर्ग दंपती से मारपीट और उन्हें घसीटने का वीडियो वायरल होने के बाद जिला कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने गंभीर रुख अपनाते हुए संबंधित डॉक्टर के खिलाफ मिशन संचालक को कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा था। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए डॉ. मिश्रा की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। इसके साथ ही संचालक, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग दिनेश श्रीवास्तव ने सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक छतरपुर जिला अस्पताल डॉ. जी.एल. अहिरवार को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर जैसवाल के प्रस्ताव पर श्रीवास्तव ने यह कार्रवाई की। दंपती से मारपीट की घटना 17 अप्रैल की बताई जा रही है। 77 वर्षीय उद्धव लाल जोशी अपनी 70 वर्षीय पत्नी का इलाज कराने नौगांव से जिला अस्पताल छतरपुर आए थे। अस्पताल में मौजूद डॉक्टर राजेश मिश्रा द्वारा दंपती के साथ अभद्रता और मारपीट की गई। जोशी के साथ मारपीट कर उन्हें घसीटा गया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, जिसके बाद मामले ने तूल पकड़ लिया।

कलेक्टर ने तत्काल सिविल सर्जन डॉ. जी.एल.अहिरवार को जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्देशों के बावजूद रिपोर्ट समय पर प्रस्तुत नहीं करने को प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए सिविल सर्जन को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। कलेक्टर ने पूछा है कि उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए। इसके बाद राज्य शासन ने अहिरवार को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम छतरपुर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय जांच समिति गठित कर तुरंत प्रतिवेदन मांगा गया था। जांच में पाया गया कि डॉक्टर राजेश मिश्रा एवं रेडक्रॉस कर्मचारी राजेंद्र खरे द्वारा मरीज के साथ अनुचित व्यवहार किया गया। इस आधार पर कलेक्टर ने मिशन संचालक भोपाल को अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव भेजा था।

# मुख्यमंत्री विज्ञान मंथन यात्रा के छात्र-छात्राओं से आज करेंगे संवाद

भोपाल (काप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् की 17 वीं विज्ञान मंथन यात्रा के लिए चयनित प्रतिभाशाली भावी वैज्ञानिकों से सोमवार को संवाद करेंगे।

कार्यक्रम का आयोजन मुख्यमंत्री निवास में शाम 7 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यात्रा पर जाने वाले भावी वैज्ञानिकों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. यादव विज्ञान मंथन यात्रा का फ्लैग ऑफ भी करेंगे। इस अवसर पर वैज्ञानिक संस्थानों के प्रतिष्ठित वैज्ञानिकों उपस्थित रहेंगे।17वीं विज्ञान मंथन यात्रा 21 से 27 अप्रैल तक आयोजित की जाएगी। योजना में चयनित प्रतिभागियों को देश की प्रतिष्ठित प्रयोगशालाओं और समर्पित वैज्ञानिकों से रूबरू होने का अवसर मिलेगा। यात्रा उपरांत परिषद् द्वारा आयोजित स्कॉलरशिप परीक्षा में भाग लेने का अवसर मिलेगा। परीक्षा में सफल होने वाले प्रत्येक कक्षा के 20 चयनित विद्यार्थियों को 5 वर्षों तक 12 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्कॉलरशिप प्रदान की जायेगी। यात्रा के लिए इस वर्ष कक्षा 10वीं से 12वीं विज्ञान विषय में अध्यनरत पूरे प्रदेश के कुल 375 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया है। चयन प्रक्रिया में प्रदेश को 5 विभिन्न जोन में बांटकर प्रत्येक जोन से 75 प्रतिभागियों का चयन किया गया है। परियोजना प्रभारी डॉ. विवेक कटारे के अनुसार इन प्रतिभागियों का चयन प्रदेश स्तर पर पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित कर किया गया है।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### जम्मू-कश्मीरः रामबन में ....

आई जानकारी के अनुसार, आपदा में दस घर पूरी तरह से नष्ट हो गए, जबकि 40 मकान क्षतिग्रस्त हो गए। पुलिस और जिला प्रशासन ने प्रभावित क्षेत्र में फंसे करीब 90 से 100 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग 44 का एक हिस्सा बुरी तरह प्रभावित हुआ है। प्रशासन ने लोगों को इस राजमार्ग से गुजरने से बचने की सलाह दी है। उप यातायात निरीक्षक जावेद कटारिया ने कहा, %राष्ट्रीय राजमार्ग (रामबन जिले में जम्मू-श्रीनगर एनएच) पूरी तरह से अवरुद्ध है (भूस्खलन के कारण)। मौसम में सुधार होने तक इस राजमार्ग से गुजरने से बचें। निकासी का काम चल रहा है, लेकिन ऐसा नहीं लगता कि राजमार्ग शाम या कल से पहले खुलेगा क्योंकि लगातार बारिश हो रही है एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने बताया कि भारी बारिश, बादल फटने, तेज हवाओं, भूस्खलन और ओलावृष्टि के कारण पूरे जिले में भारी नुकसान हुआ है। अधिकारी ने कहा, हम स्थिति पर नजर रख रहे हैं और बाद में (नुकसान का) आकलन किया जाएगा ताकि प्रभावित लोगों को सहायता प्रदान की जा सके।

### एसवाई कुरैशी निर्वाचन ....

बहुत बुरी साजिश है। मुझे पूरा विश्वास है कि सुप्रीम कोर्ट इसे गलत बताएगा। शरारती प्रचार तंत्र ने भी गलत जानकारी फैलाकर अपना काम अच्छे से कर दिया है। इस पोस्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए 20 अप्रैल को निशिकांत दुबे ने लिखा कि आप चुनाव आयुक्त नहीं, मुस्लिम आयुक्त थे। झारखंड के संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठियों को वोटर सबसे ज्यादा आपके कार्यकाल में ही बनाया गया। इस्लाम धर्म भारत में 712 में आया, उसके पहले तो यह जमीन हिंदुओं की या उस आस्था से जुड़ी आदिवासी, जैन या बौद्ध धर्मावलंबियों की थी। उन्होंने देश को जोड़ने की अपील करते हुए पोस्ट में आगे लिखा कि मेरे गांव विक्रमशिला को बख्तियार खिलजी ने 1189 में जलाया। अतिश दीपांकर के तौर पर विक्रमशिला विश्वविद्यालय ने दुनिया को पहला कुलपति दिया। इस देश को जोड़ो, इतिहास पढ़ो। तोड़ने से पाकिस्तान बना, अब बंटवारा नहीं होगा? दुबे के ट्वीट के बाद सोशल मीडिया पर समर्थन और विरोध दोनों देखने को मिले। कुछ यूजर्स ने उनके बयान का समर्थन करते हुए कहा कि देश को ऐसे नेताओं की जरूरत है जो सच बोलने की हिम्मत रखते हों। इससे पहले भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने वक्फ कानून पर सुप्रीम कोर्ट की चल रही सुनवाई के संदर्भ में न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाए थे। उन्होंने न्यायपालिका की भूमिका पर सवाल उठाते हुए सोशल मीडिया पर पोस्ट में कहा था कि यदि सुप्रीम कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद को बंद कर देना चाहिए। दुबे के इस बयान पर विपक्ष ने तीखी प्रतिक्रिया जाहिर की। वहीं, भारतीय जनता पार्टी ने इस बयान से किनारा करते हुए इसे नेता की व्यक्तिगत राय करार दिया और ऐसी टिप्पणियों से बचने का निर्देश जारी किया।

### भाजपा ने शुरू किया ....

वे मुस्लिम समाज के बीच संवाद स्थापित करेंगे। भाजपा का यह कदम न केवल कानून को लेकर उठाए गए सकारात्मक प्रयासों को सामने लाने की कोशिश है, बल्कि पार्टी मुस्लिम समाज के साथ बेहतर संबंध स्थापित करने की दिशा में भी इसे एक अहम पहल मान रही है। फिलहाल वक्फ कानून को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच चुका है, जहां इस पर बहस चल रही है।

भाजपा के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को इस अभियान के तहत देशभर में भेजा जाएगा, जहां वे मुस्लिम समुदाय के बीच जाकर वक्फ संशोधन अधिनियम की विशेषताओं और इसके संभावित लाभों के बारे में जानकारी देंगे। पार्टी का मानना है कि इस कानून को लेकर समाज में कई तरह की गलतफहमियां फैल गई हैं, जिन्हें दूर करना बेहद जरूरी है। इस अभियान को लेकर तैयारियों की शुरुआत पहले ही की जा चुकी है। 10 अप्रैल को भाजपा के राष्ट्रीय कार्यालय में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू और अन्य प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य कार्यकर्ताओं को वक्फ कानून के प्रमुख बिंदुओं और उसके लाभों की विस्तार से जानकारी देना था।

### हेराल्ड के झूठे मुकदमों ..

हैं। इन दिनों उन्होंने कांग्रेस को झूठे मुकदमों में उलझाने की फिर से कोशिश की है। जैसे ही कांग्रेस का अधिवेशन अहमदाबाद में खत्म हुआ, एक दिन बाद नेशनल हेराल्ड की प्रॉपर्टी को अटैच करकर दी। दो दिन बाद कांग्रेस नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी का नाम आरोप पत्र में डाल दिया। हमारे नेताओं के ऊपर पिछले 11 सालों में अनगिनत रेड हुए। निकला कुछ नहीं, लेकिन बदनाम करने में लगे हैं। उन्होंने कहा कि हाल में नेशनल हेराल्ड मामले में जिस परिवार को बदनाम करने का प्रयास किया गया, उसके घर का हर सदस्य आजादी के आंदोलन में जेल में रहा। आजादी के पहले आनंद भवन और स्वराज भवन जैसी संपत्ति देश को समर्पित कर दिया था।



## चौरसिया समाज का युवक-युवती परिचय सम्मेलन सम्पन्न

भोपाल (काप्र)। महापौर श्रीमती मालती राय के मुख्य आतिथ्य में चौरसिया समाज का युवक-युवती सम्मेलन सम्पन्न हुआ। सकल तंबोली समाज, चौरसिया समाज श्रीराम मंदिर समिति द्वारा रविवार को मानस भवन में युवक-युवती सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में महापौर श्रीमती मालती राय ने युवक-युवती सम्मेलन के आयोजन पर बधाई देते हुए युवक-युवतियों को शुभकामनाएं भी दी।

## तमिल नववर्ष का आयोजन संपन्न



भोपाल (काप्र)। संस्कृति, परंपरा और समुदाय के उत्साहपूर्ण उत्सव में, भोपाल तमिल संगम ने मध्य प्रदेश सरकार के संस्कृति विभाग के सहयोग से होटल वेस्टर्न, भोपाल में तमिल नव वर्ष 2025 का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक किया। तमिल नव वर्ष, जिसे पुथांडु के नाम से जाना जाता है, तमिल कैलेंडर की शुरुआत का प्रतीक है और विश्व भर के तमिल समुदायों के लिए गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व रखता है। यह नई शुरुआत, समृद्धि, कृतज्ञता और परंपराओं की निरंतरता का प्रतीक है। भोपाल में, जहां तमिल समुदाय तमिलनाडु से दूर अपनी समृद्ध विरासत को जीवित रखता है, यह वार्षिक उत्सव एक महत्वपूर्ण सांस्कृतिक मील का पत्थर बन चुका है। मध्य प्रदेश सरकार के मजबूत समर्थन के साथ, इस वर्ष के उत्सव में अभूतपूर्व भागीदारी देखी गई, जिसने इसे अब तक के सबसे यादगार आयोजनों में से एक बना दिया। इस अवसर पर कई प्रतिष्ठित अतिथियों की उपस्थिति ने समारोह की शोभा बढ़ाई। मुख्य अतिथि श्री रविंद्र यति, भोपाल जिला भाजपा अध्यक्ष, ने भारत की सांस्कृतिक विविधता और राष्ट्रीय एकता को मजबूत करने वाली क्षेत्रीय परंपराओं के उत्सव के महत्व पर प्रेरणादायक संदेश दिया।

# नवयुवक सभा के सिद्धभाऊ, सुशील और हीरो मनोनीत किए गए संरक्षक



भोपाल (हिनप्र)। सामाजिक संस्था नवयुवक सभा की कार्यसमिति गठित होने के बाद संरक्षक, मुख्य सलाहकार तय हो गए हैं। संत सिद्धभाऊ, मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी और समाजसेवी हीरो ज्ञानचंदानी को संरक्षक बनायागा गया है। पूर्व अध्यक्ष विष्णु गेहानी को मुख्य सलाहकार बनाने का फैसला लिया गया है।

बीते दिनों नवयुवक सभा के अध्यक्ष वासुदेव वाधवानी, महेश दयरामानी उपाध्यक्ष, राजेश हिंगोरानी महासचिव, सुरेश राजपाल सचिव, दिनेश वाधवानी संयुक्त सचिव, धर्मप्रकाश मोटवानी कोषाध्यक्ष, कन्हैयालाल को बनाया गया था। रामनानी आडीटर, ओमप्रकाश टहलियानी कमल प्रेमचंदानी, पुरूषोतम टिलवानी एवं मनोहर लालवानी को शिक्षा समिति का सदस्य मनोनीत किए गए थे। इसके अलावा कार्यकारिणी में अजीत कुमार खत्री, बसंत चेलानी, एसी साधवानी, रमेश जनयानी, कन्हैयालाल लालवानी, हरदास पेसवानी, विनय दादलानी, नीरज वाधवानी, कमलेश बिजलानी, राजेन्द्र लालवानी, रमेश लेखवानी, अशोक आडवाणी, अशोक हिमथानी, चन्द्रकुमार संतानी व जितेन्द्र वरियानी को नया कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है।

नव युवक सभा ने छह दशक पुरानी संस्था है, जो पंडित दीनदयाल उपाध्याय कन्या कालेज, अनंदराम टी शहानी, किशनचंद टी शहान हायर सेकण्डरी स्कूलों के अलावा प्री-नर्सरी, नर्सरी एवं मिडिल स्कूलों का संचालन कर रही है। इसके अलावा संतनगर में दशहरा महोत्सव मनाती है। श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर चलित झांकी सजाती है।


**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड, भोपाल**

**लिंक रोड न. 2 माता मंदिर चौराहा के समीप, हर्षवर्धन नगर के सामने, भोपाल**

Tel : (0755) 2924467; e-mail: eephbpl@mp.nic.in

क्र. 813/तक/का.य./लो.स्वा.या. खंड/भोपाल/2025-26 दिनांक 16.04.2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

मध्य प्रदेश लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदारो से मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदा आमंत्रण सूचना जारी होने के दिनांक तक समस्त संशोधनो सहित ई टेंडरिंग पद्धति द्वारा आनलाईन निविदाओं में निहित शर्तों के अनुरूप आमंत्रित की जाती है। जिसकी विस्तृत निविदा सूचना एवं कार्यो का विवरण वेबसाईट https://mptenders.gov.in/nicgep/app पर देखी जा सकती है। वेबसाइट पर होने वाली तकनीकी समस्याओं हेतु विभाग जिम्मेदार नही होगा।

| सिस्टम जनरेल आई डी क्र. | खंड | कार्य का नाम | निविदा प्रपत्र की राशि रु. | ठेके की अनु. राशि रु. | अमानत राशि रु. | निविदा ऑनलाइन क्रय करने कीअंतिम तिथि | 1. कार्य पूर्ण करने की अवधि 2. ठेकेदार की श्रेणी 3. आमंत्रण क्रमांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 2025_PHED _417198_1 | भोपाल | Construction and Necessary Balance works required for Retrofitting of Existing piped water supply schemes of Villages Arjunkhedi Hinotiya Piran, Jamusar Kala Pardi Block Berasia Distt-Bhopal Based on Tubewells including installation of Electric submersible motor pumps, Construction of RCC OHT (As Per BOQ) and Construction of RCC sumpwell (As Per BOQ) Laying and Jointing of Rising and Distribution pipe line system, House hold tap connections including cost of all material and labour with 90 Days successful Trial Run period of schemes. | 12500 | 138130.00/- | 138130.00/ | 29.4.2025 | 1 06 माह (वर्षाकाल सहित) 2. लोक निर्माण विभाग में केन्द्रीय पद्धित से पंजीकृत अनिवार्य है। 3. प्रथम आमंत्रण |

**निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।**

जी. 11788/25 कार्यापालन यत्री लो.स्वा.खंड भोपाल